# बलरामपुर पुलिस

हि हिन्दुस्तान



सुरक्षा बंधन के तहत मंगलवार को रक्षाबंधन मनाते किडजी विद्यालय के छात्र व एसपी।

## बच्चों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**बलरामपुर।** रक्षाबंधन के पर्व पर मंगलवार को किडजी प्री स्कूल बलरामपुर के छात्र-छात्राओं ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह समेत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधा। बच्चों ने पुलिसकर्मियों को अपने हाथों से तैयार किए गए ग्रीटिंग कार्ड, रक्षा सूत्र और मिठाइयां भेंट कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक अशोक सिंह, पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आदि पुलिसकर्मियों को राखी बांधी।